☎ STD 05278 V.C. 246223, 246330 (O)
05278 V.C. 246224, 245209 (R)
Fax V.C. 246330(O), 245209(R)
Registrar- 245957(O), 246042(R)
F.O.- 246386(O)

# डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0)

## DR. RAMMANOHAR LOHIA AVADHUNIVERSITY, AYODHYA (U.P.)

## हिन्दुस्तान समाचार, अयोध्या

**दिनांकः 07 जनवरी, 2021** **पृष्ठ संख्याः 04**

# दुनिया के सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठानों में शामिल है एचसीएल : प्रभात

अयोध्या | हिन्दुस्तान संवाद

**अवध विश्वविद्यालय**

- अवध विवि व एचसीएल ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम
- छात्रों को लक्ष्य के लिए निरन्तर प्रयत्नशील रहना चाहिए : रीमा

एचसीएल, लखनऊ के एसोसिएट जनरल मैनेजर व मुख्य विशेषज्ञ प्रभात रंजन ने कहा कि एचसीएल एक विश्वस्तरीय संस्था है। दुनिया के 50 से अधिक देशों में डेढ़ लाख लोग सेवारत हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठानों में एचसीएल की सेवाएं ली जा रही हैं। एचसीएल आईटी हार्डवेयर, टेक्नोलॉजी हेल्थकेयर के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है।

श्री रंजन ने डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय एवं एचसीएल लखनऊ की ओर से स्वामी विवेकानंद सभागार में परिसर के छात्र-छात्राओं को प्लेसमेंट से सम्बन्धित जानकारी के लिए आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आईटी के क्षेत्र में प्रत्येक वर्ष 35 हजार लोगों को रोजगार प्रदान करती है। कम्पनी का उदेश्य स्थानीय स्तर पर रोजगार प्रदान कराना है। प्रभात रंजन ने कहा कि कम्पनी कभी भी अपने क्षमतावान कर्मी को छोड़ना नहीं चाहती है। एचसीएल कम्पनी गैर तकनीकी स्नातक छात्रों के लिए एक नया अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र को सीखने के लिए तैयार रहना है। यह सफलता का एक प्रमुख मंत्र है। विश्वविद्यालय की सहायक कुलसचिव डॉ. रीमा श्रीवास्तव ने कहा कि छात्रों को लक्ष्य के लिए निरन्तर प्रयत्नशील रहना चाहिए। यह आवश्यक नहीं है कि व्यक्ति एक या दो प्रयासों में अपेक्षित सफलता प्राप्त कर ले। इसके लिए आवश्यक है कि स्वयं का विश्लेषण कर तैयार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि असफलता यह तय करती है कि व्यक्ति को और मनोयोग से कार्य करना है। विवि प्लेसमेंट सेल की निदेशक डॉ. गीतिका श्रीवास्तव ने बताया कि परिसर के छात्रों के प्लेसमेंट के लिए प्रतिष्ठित कम्पनियों का आना हर्ष का विषय है। इससे अध्ययन की अवधि में रोजगार का अवसर मिल पाएगा। अधिष्ठाता छात्र-कल्याण प्रो. नीलम पाठक ने कहा कि एचसीएल जैसी बहुराष्ट्रीय कम्पनी का परिसर में आना कुलपति की दूरदर्शिता का प्रतिफल है। संचालन साम्भवी मुद्रा शुक्ला ने किया। इस मौके पर उप कुलसचिव विनय कुमार सिंह, सहायक कुलसचिव मो. साहिल अहमद, प्रो. रमापति मिश्र, डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी, डॉ. निमिष मिश्र, डॉ. आरएन पाण्डेय, डॉ. आशीष पटेल, डॉ. संजीत पाण्डेय, डॉ. सूरज सिंह, अनुराग सिंह, एचसीएल के सौरभ सिंह, आशीष मिश्र, गिरीश चन्द्र पंत व अन्य मौजूद रहे।



अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग

हिन्दुस्तान समाचार, अयोध्या

दिनांक: 07 जनवरी, 2021 पृष्ठ संख्या: 04

# पर्यावरण विज्ञान व उर्दू में प्रवेश के लिए साक्षात्कार

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पी-एचडी सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईटी-2020) साक्षात्कार के दूसरे दिन पर्यावरण विज्ञान एवं उर्दू विषय के अर्ह अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। इसमें पर्यावरण विज्ञान के 10 एवं उर्दू विषय के पांच अभ्यर्थी शामिल रहे।

पी-एचडी सामान्य प्रवेश परीक्षा समन्वयक प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि अवध विवि के कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह के निर्देश पर सीईटी-2020 का साक्षात्कार कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सात जनवरी को बायोकमेस्ट्री एवं दर्शन शास्त्र के अर्ह अभ्यर्थियों का साक्षात्कार होगा। साक्षात्कार के लिए अर्ह अभ्यर्थियों को ई-मेल एवं एसएमएस के माध्यम से सूचित कर दिया गया है।

विश्वविद्यालय में सीईटी-2020 का साक्षात्कार कराने में डॉ. नरेश चौधरी, डॉ. गीतिका श्रीवास्तव, डॉ. नीलम यादव, डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. राजेश सिंह कुशवाहा, डॉ. आशुतोष सिंह, प्रोग्रामर रवि मालवीय, मनोज श्रीवास, अनुराग श्रीवास्तव, ओमप्रकाश चौरसिया व अन्य की भूमिका रही।

अमर उजाला माईसिटी, अयोध्या

दिनांक: 07 जनवरी, 2021 पृष्ठ संख्या: 03

# पीएचडी के लिए साक्षात्कार

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की पीएचडी सामान्य प्रवेश परीक्षा के साक्षात्कार के दूसरे दिन पर्यावरण विज्ञान एवं उर्दू विषय के 15 अभ्यर्थी शामिल हुए। पर्यावरण विज्ञान में 10 व उर्दू विषय में पांच अभ्यर्थी शामिल रहे। साक्षात्कार में डॉ. नरेश चौधरी, डॉ. गीतिका श्रीवास्तव, डॉ. नीलम यादव, डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. राजेश सिंह कुशवाहा आदि की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

जनाभास, लखनऊ

दिनांकः 07 जनवरी, 2021 पृष्ठ संख्याः 04

# पर्यावरण विज्ञान एवं उर्दू में शोधार्थियों के लिए हुआ साक्षात्कार

अश्वनी पांडेय

जनाभास,अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पी–एच0डी0 सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईटी–2020) साक्षात्कार के दूसरे दिन आज 06 जनवरी 2021 को पर्यावरण विज्ञान एवं उर्दू विषय के अर्ह अभ्यर्थियों ने प्रवेश के लिए साक्षात्कार कराई। जिसमें पर्यावरण विज्ञान में 10 एवं उर्दू विषय में पॉच अभ्यर्थी शामिल रहे। पी–एच0डी0 सामान्य प्रवेश परीक्षा समन्वयक प्रो0 शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह के निर्देश पर सीईटी–2020 का साक्षात्कार 05 जनवरी, 2021 से प्रारम्भ कर दी गई है जिसमें सूक्ष्म जीव विज्ञान विषय के अभ्यर्थी सम्मिलित रहे। दिनांक 07 जनवरी, 2021 को बायोकमेस्ट्री एवं दर्शन शास्त्र अभ्यर्थियों का साक्षात्कार होगा। साक्षात्कार के लिए अर्ह अभ्यर्थियों को ई–मेल एवं एसएमएस के माध्यम से सूचित कर दिया गया है। सीईटी–2020 साक्षात्कार में डॉ० नरेश चौधरी, डॉ० गीतिका श्रीवास्तव, डॉ० नीलम यादव, डॉ० अभिषेक सिंह, डॉ० राजेश सिंह कुशवाहा, डॉ० आशुतोष सिंह, प्रोग्रामर रवि मालवीय, मनोज श्रीवास, अनुराग श्रीवास्तव, ओमप्रकाश चौरसिया सहित अन्य की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

तरूण प्रवाह, लखनऊ

दिनांकः 07 जनवरी, 2021 पृष्ठ संख्याः 03

# पर्यावरण विज्ञान एवं उर्दू में शोधार्थियों के लिए हुआ साक्षात्कार

रिपोर्ट सर्वेश श्रीवास्तव

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पी–एच0डी0 सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईटी–2020) साक्षात्कार के दूसरे दिन आज 06 जनवरी 2021 को पर्यावरण विज्ञान एवं उर्दू विषय के अर्ह अभ्यर्थियों ने प्रवेश के लिए साक्षात्कार कराई। जिसमें पर्यावरण विज्ञान में 10 एवं उर्दू विषय में पॉच अभ्यर्थी शामिल रहे। पी–एच0डी0 सामान्य प्रवेश परीक्षा समन्वयक प्रो0 शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह के निर्देश पर सीईटी–2020 का साक्षात्कार 05 जनवरी, 2021 से प्रारम्भ कर दी गई है जिसमें सूक्ष्म जीव विज्ञान विषय के अभ्यर्थी सम्मिलित रहे। दिनांक 07 जनवरी, 2021 को बायोकमेस्ट्री एवं दर्शन शास्त्र अभ्यर्थियों का साक्षात्कार होगा। साक्षात्कार के लिए अर्ह अभ्यर्थियों को ई–मेल एवं एसएमएस के माध्यम से सूचित कर दिया गया है। सीईटी–2020 साक्षात्कार में डॉ० नरेश चौधरी, डॉ० गीतिका श्रीवास्तव, डॉ० नीलम यादव, डॉ० अभिषेक सिंह, डॉ० राजेश सिंह कुशवाहा, डॉ० आशुतोष सिंह, प्रोग्रामर रवि मालवीय, मनोज श्रीवास, अनुराग श्रीवास्तव, ओमप्रकाश चौरसिया सहित अन्य की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

अमृत विचार, लखनऊ

दिनांक: 07 जनवरी, 2021 पृष्ठ संख्या: 10

# पर्यावरण विज्ञान और उर्दू में शोधार्थियों का हुआ साक्षात्कार

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि के पी-एचडी सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईटी-2020) साक्षात्कार के दूसरे दिन पर्यावरण विज्ञान एवं उर्दू विषय के अर्ह अभ्यर्थियों ने प्रवेश के लिए साक्षात्कार कराई। जिसमें पर्यावरण विज्ञान में 10 एवं उर्दू विषय में पांच अभ्यर्थी शामिल रहे। पीएचडी सामान्य प्रवेश परीक्षा समन्वयक प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि विवि के कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह के निर्देश पर सीईटी-2020 का साक्षात्कार 5 जनवरी, 2021 से प्रारम्भ कर दी गई है जिसमें सूक्ष्म जीव विज्ञान विषय के अभ्यर्थी सम्मिलित रहे।

स्वतंत्र भारत, लखनऊ

दिनांक: 07 जनवरी, 2021 पृष्ठ संख्या: 08

# पर्यावरण विज्ञान एवं उर्दू में शोधार्थियों के लिए हुआ साक्षात्कार

अयोध्या (ब्यूरो)। डॉ० राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पी-एच०डी० सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईटी-2020) साक्षात्कार के दूसरे दिन आज 06 जनवरी 2021 को पर्यावरण विज्ञान एवं उर्दू विषय के अर्ह अभ्यर्थियों ने प्रवेश के लिए साक्षात्कार कराई। जिसमें पर्यावरण विज्ञान में 10 एवं उर्दू विषय में पाँच अभ्यर्थी शामिल रहे। पी-एच०डी० सामान्य प्रवेश परीक्षा समन्वयक प्रो० शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो० रविशंकर सिंह के निर्देश पर सीईटी-2020 का साक्षात्कार 05 जनवरी, 2021 से प्रारम्भ कर दी गई है जिसमें सूक्ष्म जीव विज्ञान विषय के अभ्यर्थी सम्मिलित रहे। दिनांक 07 जनवरी, 2021 को बायोकमेस्ट्री एवं दर्शन शास्त्र अभ्यर्थियों का साक्षात्कार होगा। सीईटी-2020 साक्षात्कार में डॉ० नरेश चौधरी, डॉ० गीतिका श्रीवास्तव, डॉ० नीलम यादव, डॉ० अभिषेक सिंह, डॉ० राजेश सिंह कुशवाहा, डॉ० आशुतोष सिंह, प्रोग्रामर रवि मालवीय, मनोज श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव, ओमप्रकाश चैरसिया सहित अन्य की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# अवधनामा, लखनऊ

दिनांकः 07 जनवरी, 2021 पृष्ठ संख्याः 07


## पर्यावरण विज्ञान एवं उर्दू में शोधार्थियों के लिए हुआ साक्षात्कार

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पी-एच0डी0 सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईटी-2020) साक्षात्कार के दूसरे दिन आज 06 जनवरी 2021 को पर्यावरण विज्ञान एवं उर्दू विषय के अर्ह अभ्यर्थियों ने प्रवेश के लिए साक्षात्कार कराई। जिसमें पर्यावरण विज्ञान में 10 एवं उर्दू विषय में पाँच अभ्यर्थी शामिल रहे। पी-एच0डी0 सामान्य प्रवेश परीक्षा समन्वयक प्रो0 शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह के निर्देश पर सीईटी-2020 का साक्षात्कार 05 जनवरी, 2021 से प्रारम्भ कर दी गई है जिसमें सूक्ष्म जीव विज्ञान विषय के अभ्यर्थी सम्मिलित रहे। 7 जनवरी, 2021 को बायोकमेस्ट्री एवं दर्शन शास्त्र अभ्यर्थियों का साक्षात्कार होगा। साक्षात्कार के लिए अर्ह अभ्यर्थियों को ई-मेल एवं एसएमएस के माध्यम से सूचित कर दिया गया है। सीईटी-2020 साक्षात्कार में डॉ0 नरेश चौधरी, डॉ0 गीतिका श्रीवास्तव, डॉ0 नीलम यादव, डॉ0 अभिषेक सिंह, डॉ0 राजेश सिंह कुशवाहा, डॉ0 आशुतोष सिंह, प्रोग्रामर रवि मालवीय, मनोज श्रीवास, अनुराग श्रीवास्तव, ओमप्रकाश चौरसिया सहित अन्य की भूमिका महत्वपूर्ण रही।